तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

4 खरीदी के आखिरी महीने में बिचौलियों पर पैनी निगाह, बोगस खरीदी को लेकर प्रशासन अलर्ट





## खबर संक्षेप

### 10 से 24 तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन

**सारंगढ़।** भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे। रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं एवं 8वीं पास श्रेणियों की भर्ती की जाएगी। 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब शारीरिक दक्षता परीक्षा और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल हो सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र भारतीय सेवा की वेबसाइट जॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन और उनकी ईमेल आईडी पर भेज दिया गया है। भर्ती रैली में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

### पोस्टल फैमिली पेंशनरों के लिए 6 को पेंशन अदालत

**सारंगढ़।** डाक विभाग के अंतर्गत कार्यालय अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग द्वारा पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों की पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह पेंशन अदालत आगामी 6 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगी। पेंशन अदालत में पोस्टल पेंशनरों एवं पोस्टल फैमिली पेंशनरों के पेंशन प्रकरणों से संबंधित शिकायतोंए लंबित मामलों एवं अन्य अवधानों का मौके पर ही निपटान किया जाएगा। डाक विभाग ने सभी संबंधित पेंशनरों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि तक अपनी शिकायतें प्रस्तुत कर इस पेंशन अदालत का लाभ उठाएं।

### राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के लिए 7 तक प्रविष्टियां आमंत्रित

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता स्वीप के क्षेत्र में वर्ष 2025 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया संस्थानों को सम्मानित करने हेतु राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक मीडिया संस्थान अपनी प्रविष्टियां 07 जनवरी तक भारत निर्वाचन आयोगए निर्वाचन सदनए अशोका रोडए नई दिल्ली 110001 स्थित कार्यालय में भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रविष्टियां ई.मेल के माध्यम से भी प्रेषित की जा सकती हैं। राष्ट्रीय मीडिया अवार्ड के अंतर्गत आयोग द्वारा कुल चार श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें प्रिंट मीडियाए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेडियो तथा ऑनलाइन इंटरनेट एवं सोशल मीडिया शामिल हैं। प्रत्येक श्रेणी में एक.एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। चयनित मीडिया संस्थानों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के माध्यम से उन मीडिया संस्थानों को प्रोत्साहित करेगाए जिन्होंने मतदाता जागरूकता अभियानों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया हैए नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया एवं चुनाव से जुड़े आईटी एप्लीकेशनों की जानकारी दी है तथा मतदाताओं तक सटीकए संतुलित और भरोसेमंद जानकारी पहुँचाई है । साथ ही विशिष्ट एवं दुर्गम मतदान केंद्रों पर आधारित स्टोरीज़, विशेष कार्यक्रमों, चर्चाओं एवं विशेषज्ञ आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जन.पहुंच बनाने और निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की नई पहलों को प्रभावी रूप से जनता तक पहुंचाने वाले मीडिया संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चुनाव से जुड़ी भ्रामक सूचनाओं का खंडन करनेए सही एवं सत्यापित जानकारी का प्रसार करने तथा जनसामान्य पर पड़े सकारात्मक प्रभाव के साक्ष्यों को भी पुरस्कार के मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा।

### हर महीने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी होता है शेड्यूल

# कैसे होगी स्मार्ट टीवी में बच्चों की पढ़ाई किसी भी स्कूल में नहीं लगा है डीटीएच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में डीटीएच लगे होने की मुगालते में एससीईआरटी (राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ) द्वारा हर महीने की पढ़ाई का शेड्यूल भेजी जाती है, लेकिन वहां के अधिकारियों को पता ही नहीं है कि यहां एक भी स्कूल में डीटीएच लगा ही नहीं है। ऐसे में शेड्यूल जारी होने के बाद किसी भी स्कूल के बच्चे डीटीएच लगे स्मार्ट टीवी से पढ़ाई नहीं करते हैं। डीटीएच इसलिए स्कूलों में नहीं लगा है क्योंकि स्कूलों के प्राचार्य अपने जेब से 12 सौ रुपए खर्च करना ही नहीं चाहते। हालांकि दो दिन पहले हुई बैठक में अधिकारियों ने सभी स्कूल के प्राचार्यो को जेब से न सहीं मूलभूत की राशि से डीटीएच लगाने का निर्देश दे दिया है।



अब लगाएंगे या नहीं यह तो विभाग की मॉनिटरिंग से पता चलेगा।

प्रदेश भर में पीएम ई – विद्या के तहत कक्षा 9 से 12 वीं तक के बच्चों के लिए सभी विषयों की शैक्षिक सामग्री का प्रसारण डीटीएच और अन्य टीवी चैनल के माध्यम से किया जाता है। यह उन स्कूली बच्चों के लिए काफी मददगार साबित होता है जहां विषय विशेषज्ञ नहीं है। हालांकि जिले के अधिकांश स्कूलों में किसी न किसी विषय के शिक्षकों का टोटा ही है। इसके लिए एससीईआरटी (राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ) द्वारा विषयों का शेड्यूल भेजी जाती है। अन्य जिलों के स्कूलों में तो डीटीएच लगी है, लेकिन रायगढ़ जिले के एक भी स्कूलों में यह सुविधा नहीं है। ऐसे में जिले के बच्चे इस योजना से वंचित हो रहे हैं।

#### 1 जनवरी को जारी की है शैक्षिक कैलेंडर

इस महीने का शैक्षक कैलेंडर बीते 01 जनवरी को जारी की गई है। इसमें सभी विषयों का पीडीएफ तैयार किया गया है। इसी के आधार पर बच्चों की पढ़ाई होगी। इस पीडीएफ किसी भी विषय को छूने से उस तिथि में प्रसारित होने वाले सभी शैक्षिक कार्यक्रमों की सारणी विषय और कक्षा के हिसाब से खुल जाती है। इस जिले में इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। डीटीएच लगाने के लिए साल भर पहले ही एससीईआरटी की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिया गया था, लेकिन अब तक लगा ही नहीं है।

#### अब लग सकता है डीटीएच

दो दिन पहली बैठक हुई है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी प्राचार्यो को डीटीएच लगाने की नसीहत दी है। हालांकि यह पहली नहीं है। ऐसा निर्देश तो हर बैठक में दी जाती है, लेकिन अब तक प्राचार्यो ने पालन ही नहीं किया है। हालांकि इस बार कड़े निर्देश देने की बात यहां के अधिकारी कह रहे हैं। याने अब तक हल्का निर्देश दे रहे थे।

### माल बरामद कर वाहवाही बटोर रही पुलिस, चोरों का अता-पता नहीं

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सूने मकान में हुई चोरी की वारदात में भले 48 घंटे के भीतर पुलिस द्वारा चोरी सामग्री की बरामदगी कर वाहवाही तो लूट ली गई, लेकिन आज पर्यंत तक चोरों का पता नहीं चल सका है। पुलिस क की सुस्त कार्यशैली के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं और वो आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित मकान नंबर 19 में रहने वाले आलोक अग्रवाल शनिवार को पूरे परिवार के साथ घर में ताला लगाकर निजी कार्य से रायपुर गए थे। उन्हें सोमवार को वापस लौटना था। इस दौरान उन्होंने घर की सफाई के लिए काम वाली बाई को बुलाया था। सोमवार दोपहर जब काम वाली बाई सफाई के लिए पहुंची तो चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही कोतरा रोड थाना पुलिस ने जांच शुरू की और घर से करीब आधा किलोमीटर दूर झाड़ियों में चोरी गई अलमारी बरामद की। बताया जा रहा है कि चोर अलमारी का लॉक नहीं खोल सके, जिसके चलते अलमारी को वहीं झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए।

## सिरफिरे युवक ने बड़े पिता को बेरहमी से पीटा, हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अंतर्गत ग्राम डिडवानारा में मामूली विवाद पर एक सिरफिरे युवक द्वारा अपने ही रिश्ते के बड़े पिताजी की पिटाई किए जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मृतक के पुत्र तिरीत तिग्गा निवासी ग्राम डिडवानारा चौकी रैरूमाखुर्द ने चौकी रैरूमाखुर्द में मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराया गया। उसने बताया कि उसके पिता राजाराम तिग्गा कम सुनने की समस्या से ग्रसित थे। 30 नवंबर को वे अपने छोटे भाई लुकस तिग्गा के घर से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बस्ती में आरोपी मुकेन्दर तिग्गा के घर के बाहर थाली बजने से वह नाराज हो गया और बाहर आकर अपने रिश्ते के बड़े पिताजी राजाराम को पकड़कर रोड पर पटक दिया तथा लात-घूंसे से मारपीट कर बेहोश कर दिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा बीच-बचाव कर घायल वृद्ध को उपचार के लिए पत्थलगांव, रायगढ़, अंबिकापुर व पुनः पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बावजूद हालत में सुधार नहीं होने पर 28 दिसंबर को उन्हें घर लाया गया, जहां 29 दिसंबर की दोपहर उनकी मृत्यु हो गई। घटना पर मर्ग कायम कर जांच की गई। जांच में आरोपी मुकेन्दर तिग्गा पिता धनाराम तिग्गा 22 वर्ष निवासी ग्राम डिडवानारा, चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ द्वारा हत्या का अपराध घटित करना पाए जाने पर उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



### यातायात पुलिस ने किया हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तीसरे दिन जिला मुख्यालय रायगढ़ में पुलिस विभाग द्वारा हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत यातायात थाना से हुई, जो ढिमरापुर होते हुए सत्तीगुड़ी चौक, घड़ी चौक, सुभाष चौक, कलेक्ट्रेट, चक्रधरनगर चौक और छातामुड़ा चौक से गुजरते हुए पुनः शहर भ्रमण कर यातायात थाना में समाप्त हुई। मुख्य चौक-चौराहों से गुजरती इस रैली के माध्यम से दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा ओवर स्पीडिंग से बचने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। पुलिसकर्मियों ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। इस जागरूकता अभियान में सभी दुपहिया वाहन शोरूम डीलर्स भी शामिल हुए।

## 5 जिलों में सेवाएं देकर रायगढ़ पहुंचे अनिल एएसपी के रूप में किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अनिल कुमार सोनी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ का पदभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। उक्त आदेश के तहत जिला जशपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी का स्थानांतरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला रायगढ़ तथा जिला रायगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम का स्थानांतरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला रायपुर के पद पर किया गया था। स्थानांतरण आदेश के परिपालन में 3 जनवरी को अनिल कुमार सोनी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल से सौजन्य भेंट की तथा अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर टीमवर्क के साथ कार्य करने का संदेश दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी वर्ष 2007 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। परीक्षावधि पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने पखांजूर एसडीओपी के रूप में अपने सेवा जीवन की शुरुआत की। इसके उपरांत उन्होंने जिला नारायणपुर, कबीरधाम, मुंगेली, जांजगीर-चांपा एवं जशपुर में विभिन्न पदों पर सेवाएं दिए हैं।



### मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते पकड़े गए किशोर पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर वाहन चलाने वाले बुलेट चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह थाना चौक लैलूंगा के पास मोटरसाइकिल रॉयल एनफील्ड का चालक तेज गति से फर्राटेदार मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते हुए पाया गया। उक्त कृत्य से आमजन को ध्वनि प्रदूषण एवं असुविधा हो रही थी। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा चालक को तलब कर वाहन के दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया गया। जांच में चालक का कृत्य कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत अवैधानिक पाया गया। उक्त धाराओं के अंतर्गत आरोपी के विरुद्ध इस्तगासा तैयार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी घरघोड़ा के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।



## मदनपुर के सैकड़ों भूमिहीन ग्रामीणों ने जनपद पंचायत का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मदनपुर के सैकड़ों ग्रामीणों ने शुक्रवार की देर रात जनपद पंचायत खरसिया का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि वे वास्तविक रूप से भूमिहीन हैं और पहले शासन की पात्रता सूची में शामिल थे, जिसके तहत उन्हें आर्थिक सहायता राशि मिल रही थी, लेकिन हाल ही में बिना स्पष्ट कारण बताए उन्हें अपात्र घोषित कर दिया गया, जिससे सहायता राशि बंद हो गई है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि वे पहले पात्र थे तो अब अचानक अपात्र कैसे हो गए। उनका आरोप है कि पात्रता सूची में गड़बड़ी की गई है और कई वास्तविक भूमिहीनों के नाम हटा दिए गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पात्रता सूची की पुनः जांच कराई जाए और वास्तविक भूमिहीन परिवारों को दोबारा योजना का लाभ दिया जाए। वहीं घेराव की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को जांच का आश्वासन देकर शांत कराने का प्रयास किया।




## मिनीमाता चौक पर असामाजिक तत्वों ने दिनदहाड़े युवक को पीटा

**रायगढ़।** जिले में गुंडा और अराजक तत्वों के हौसले काफी बढ़े हुए है। ऐसे में माना जा रहा है कि कानून व्यवस्था का भय उनके भीतर खत्म हो चुका है। हाल में ही तमनार में आंदोलन की आड़ में कुछ इसी प्रकार के तत्वों द्वारा महिला पुलिसकर्मी के साथ अमानवीय हरकत की गई। अभी वह मामला शांत भी नहीं हुआ था की तभी एक दूसरा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें मिनीमाता चौक में कुछ युवक एक युवक को बीच चौक में कपड़े फाड़ कर, घसीटते हुए मारपीट की घटना सामने आई है। ऐसी पिटाई अपने आंखों के सामने देखने के बाद लोगों में डर और खौफ होना स्वाभाविक है। घटना के संबंध में पीड़ित किसन वैष्णव ने जूटमिल थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। उसने बताया कि वह सुबह करीब 11 बजे पहाड़ मंदिर के पीछे अपने परिचितों के साथ पिकनिक मनाने गया था, जहां राजेन्द्र निषाद भी मौजूद था। शिकायतकर्ता के अनुसार पिकनिक के दौरान राजेन्द्र निषाद शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था, जिसे रोकने पर वह नाराज हो गया और फोन कर अपने लड़कों को बुलाने की बात कही। शाम को फोन आया और उसे मिनीमाता चौक के पास आने को कहा गया। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अकेले मोटरसाइकिल से शाम करीब 6 बजे मिनीमाता चौक पहुंचा। जहां उसके साथ सरेआम अधमरा होने तक पीटा गया। फिलहाल जूटमिल पुलिस ने तीनों आरोपियों राजेंद्र निषाद अमन और बादल निषाद के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है, आगे की कार्रवाई जारी है।

### बीते साल एसीबी ने राजस्व, वन, शिक्षा से लेकर निकायों में दी दबिश, रंगे हाथ पकड़े गए 9 घूसखोर

# रिश्वतखोरी की जड़ें जिले में मजबूत, हर महीने एक पर एसीबी का पहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन-प्रशासन चाहे लाख जतन कर ले, लेकिन रिश्वतखोरी की जड़ें इतनी मजबूत है कि उसे उखाड़ पाना आसान नहीं है। इसकी बानगी बीते साल एसीबी बिलासपुर के अधिकारियों द्वारा दी गई दबिश और की गई कार्रवाई से देखी जा सकती है। एसीबी की टीम ने गुजरे साल 2025 में राजस्व, वन, शिक्षा से लेकर निकायों में दबिश दी और 9 लोगों को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। इसमें सबसे बड़ी कार्रवाई और सबसे बड़ी रकम एनटीपीसी तिलाईपाली के उप महाप्रबंधक को पकड़ने का मामला सामने आया था।

बीते साल भर का लेखा- जोखा देखा जाए तो एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की कार्रवाई भी किसी आश्चर्य से कम नहीं है। वजह यहां शासन-प्रशासन द्वारा अपनी बैठकों और समीक्षाओं के दौरान हर समय चीख-चीखकर कही जाती है कि रिश्वतखोरी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे में यदि बीते साल भर में जिले के 9 सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया तो सारे दावे और नसीहतें धरी की धरी रह जाती हैं। इसमें राजस्व से लेकर वन, शिक्षा, आबकारी और नापतौल विभाग के रिश्वतखोर शामिल हैं। रिश्वतखोरी के बाद इनके खिलाफ संबंधित विभाग की ओर से किस तरह कार्रवाई की गई यह जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि इस तरह की कार्रवाई में फंसे अधिकांश अधिकारी-कर्मचारियों की बहाली होने की बात कही जा रही है।



**इसमें सबसे बड़ी कार्रवाई और रकम एनटीपीसी के जीएम को पकड़ने का सामने आया मामला**

#### रायगढ़ और कोरबा में बराबर कार्रवाई

ऐसा नहीं है कि केवल रायगढ़ में घूसखोरी की जड़ें मजबूत हैं, कोरबा और संभाग के अन्य जिले भी अछूते नहीं है। कोरबा में रायगढ़ की तरह 9 अधिकारी-कर्मचारियों को घूस लेते पकड़ा गया है। इस लिहाज से देखें तो दोनों जिले रायगढ़ और कोरबा में बराबर कार्रवाई हुई है। रायगढ़ में 9 और कोरबा जिले में भी एसीबी की टीम ने 9 लोगों को पकड़ा है।

#### खरसिया रेंजर से शुरुआत

बीते साल 14 फरवरी को एसीबी की एंट्री हुई तो जिले के वन विभाग में हड़कंप मच गया। कारण एसीबी की टीम ने खरसिया रेंजर टीपी वस्त्रकार को 15 हजार रिश्वत लेते पकड़ लिया था। रेंजर टीपी वस्त्रकार ने पीएम आवास की जांच रिपोर्ट भेजने के नाम पर खड़गांव सरपंच से 25 हजार मांगे थे। बाद में 15 हजार लेते रंगे हाथ पकड़े गए थे। इस कार्रवाई के ठीक 10 दिन बाद 24 फरवरी को नापतौल निरीक्षक ओलिभा किस्पोट्टा पेट्रोल पंप के नोजल स्टैपिंग के नाम पर 20 हजार मांग किया था। 8 हजार घूस लेते पकड़ी गई थी। 5 मई को शिक्षा विभाग के बाबू एमएफ फारुखी ने शाउमावि हालाहुली के चपरासी से 20 हजार मांग किया था। 5 हजार लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। 30 अगस्त को आबकारी उप निरीक्षक संतोष नारंग 50 हजार रिश्वत लेते पकड़ा गया था। संतोष नारंग शराब बनाकर बेचने वाले से कड़ी कार्रवाई से बचाने के नाम पर घूस ले रहा था। 16 सितंबर को एनटीपीसी तिलाईपाली के उप महाप्रबंधक विजय दुबे को साढ़े 4 लाख रिश्वत के साथ पकड़ा गया था। विजय दुबे मुआवजा दिलाने के नाम पर पांच लाख का मांग किया था। 50 हजार पहले ले चुका था और साढ़े 4 लाख लेते हुए पकड़ा गया। इसी तरह छाल के पटवारी हरिशंकर राठिया को 20 हजार, प्रभारी सीएमओ आर पांडेय को 10 हजार, शिक्षा विभाग के बाबू ओमप्रकाश नवरत्न को 25 हजार, घरघोड़ा डिप्टी रेंजर मिलन सिंह भगत 5 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है।

## खबर संक्षेप

### सारंगढ़ मंडल में हो रहा बूथ कमेटी गठन



**सारंगढ़।** भाजपा सारंगढ़ मंडल में बूथ क्रमांक 163 विजयपुर, 177 बाबाकुटी, 182 रेंजरपारा 01, 194 सहसपुर, तथा 195 चंवरपुर में बूथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। उक्त बूथों के सक्रिय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सभी से परामर्श लेकर संगठन के कार्यों में समर्पित रहने वाले कार्यकर्ताओं को कमेटी में दायित्व दिया जा रहा हैं जिससे संगठन और भी मजबूत हों। इस कार्य में मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बानी के साथ महामंत्री रमेश तिवारी, राजा गुप्ता, उपाध्यक्ष गणेश महाजन कार्यालय मंत्री लोकेश साहू संलग्न रहें।

### आवास योजना में लापरवाही, 7 तकनीकी सहायकों को नोटिस

**जशपुरनगर।** सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए थे परन्तु महत्वाकांक्षी योजना के कार्यों में लापरवाही जनपद पंचायत बगीचा के तकनीकी सहायको को भारी पड़ी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा विगत एक माह की प्रगति के आधार पर तकनीकी सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल जवाब देने हेतु तलब किया गया है अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई पूरे जिले के कार्यरत अधिकारी कर्मचारी को यह संदेश है कि हितग्राहियों से संबंधित योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी राज्य द्वारा जारी समय सीमा में पूर्ण नहीं किया गया तो भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम दबगरी के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी शक्तिमान आ. बउरी तिर्की (25 वर्ष) 1 जनवरी को बाइक से प्रतापपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही ग्राम दबगरी के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को राजपुर अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### लापरवाही पर आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पर कार्रवाई

**अंबिकापुर।** बाल विकास परियोजना उदयपुर अंतर्गत सेक्टर डांडगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा-सलवा एवं डांडगांव बाजारपारा के सम्बंध में प्राप्त शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान द्वारा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा-सलवा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित पाई गईं परन्तु केन्द्र में एक भी हितग्राही उपस्थित नहीं पाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र डाडगाव हरिजनपारा बाजारपारा के निरीक्षण के दौरान केन्द्र बंद पाया गया, साथ ही कार्यकर्ता एवं सहायिका केन्द्र में उपस्थित नही पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यकर्ता नियमित रूप से केन्द्र नही आती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा रेडी टू ईट फूड एव गर्म भोजन भी नियमित प्रदाय नहीं किया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्र मे मिलने वाली रेडी टू ईट फूड एवं गर्म भोजन की सामग्री को कार्यकर्ता अपने घर पर रखती हैं।

## वर्ष 2025 में रहा माफिया-तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

# पुलिस ने 92 प्रतिशत प्रकरणों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वर्ष 2025 में जशपुर पुलिस ने जिले की कानून-व्यवस्था को नई धार दी है। जारी सालाना रिपोर्ट में साफ है कि गंभीर अपराधों से लेकर संगठित माफिया, अंतरराज्यीय ठगी और नशे के नेटवर्क तक हर मोर्चे पर पुलिस ने आक्रामक और परिणामकारी कार्रवाई की। आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि अपराधियों के लिए जशपुर अब आसान नहीं रहा।

बीते वर्ष जिले में कुल 2097 एफआईआर दर्ज हुईं, जिनमें से 1931 मामलों का निराकरण किया गया। पूर्व वर्षों के लंबित मामलों सहित कुल 92.08 प्रतिशत प्रकरणों का समाधान पुलिस की तत्परता और निगरानी को दर्शाता है। हत्या के 58 मामलों में 53 का खुलासा कर 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और दुष्कर्म जैसे संगीन अपराधों में भी गिरफ्तारी की दर प्रभावी रही। दुष्कर्म के 154 मामलों में 157 आरोपी सलाखों के पीछे पहुंचे।

**अपराधियों पर कड़ा प्रहार, जनता को भरोसे की ढाल, जशपुर पुलिस का 2025 रिपोर्ट कार्ड**



### नशे और अवैध कारोबार पर निर्णायक चोट

ऑपरेशन आघात के तहत शराब और नशे के कारोबार पर करारा प्रहार किया गया। करीब 4 करोड़ रुपये मूल्य की 25,638 लीटर शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किए गए। एनडीपीएस एक्ट के तहत 2.21 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थों की जब्ती ने तस्करों की कमर तोड़ दी। इतना ही नहीं, जिले में पहली बार सेफमा के तहत कुख्यात गांजा तस्करों की 2.39 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर फ्रीज की गई। यह कार्रवाई संगठित अपराध के खिलाफ मील का पत्थर मानी जा रही है।

### गौ-तस्करी, फरार अपराधी और बड़ी गिरफ्तारी

ऑपरेशन शंखनाद में गौ-तस्करी के 144 मामलों में 239 आरोपियों की गिरफ्तारी, 1493 गौवंश और करीब 3 करोड़ रुपये के वाहन जब्त किए गए।वहीं ऑपरेशन अंकुश के तहत वर्षों से फरार 68 आरोपियों को विभिन्न राज्यों से दबोचकर यह संदेश दिया गया कि कानून से बच निकलना अब संभव नहीं।

### संवेदनशीलता भी बनी पहचान

कठोर कार्रवाई के साथ-साथ मानवीय चेहरे की भी मिसाल पेश हुई। ऑपरेशन मुस्कान के तहत 146 गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया गया। यह उपलब्धि पुलिस के सामाजिक दायित्व को रेखांकित करती है।

### 2026 का रोडमैप तैयार

जशपुर पुलिस ने आगामी वर्ष के लिए सड़क दुर्घटनाओं में मौत कम करने, महिला-बालिका सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की धरपकड़ को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है।

### सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध पर फोकस

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के लिए सख्ती बढ़ाई गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 20,150 चालान कर अनुशासन का संदेश दिया गया।साथ ही, 150 करोड़ और 54 करोड़ रुपये की ठगी जैसे बड़े मामलों का खुलासा कर साइबर और आर्थिक अपराधियों पर भी मजबूत प्रहार किया गया।

## किराना व्यापारी के घर चोरी करने वाला आदतन चोर गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** नए साल की शुरुआत में जशपुर शहर में हुई चोरी की वारदात को जशपुर पुलिस ने महज चंद घंटों में सुलझाते हुए आरोपी आदतन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने रात्रि में किराना व्यवसायी के घर में घुसकर नकदी और मोबाइल फोन पर हाथ साफ किया था।

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कदमटोली निवासी किराना व्यवसायी ईश्वर राम यादव उम्र 42 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी की रात दुकान बंद कर घर लौटने के बाद उन्होंने पेंट कमरे में टांगी थी, जिसकी जेब में दुकानदारी के 15 हजार रुपये नकद और 12 हजार रुपये कीमत का वीवो मोबाइल रखा था। रात में परिवार सहित सोने के बाद सुबह उठने पर पेंट आंगन में पड़ी मिली, जबकि नकदी और मोबाइल गायब थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में बीएनएस की धारा 331(4) व 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया, इसी बीच सूचना मिली कि गाढ़ा टोली निवासी रोशन भारती उम्र 23 वर्ष चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में है। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।

### मोबाइल, नकदी और खरीदी गई सामग्री बरामद

तलाशी में आरोपी के पास से चोरी किया गया वीवो मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की रकम में से 12 हजार रुपये नकद और 2500 रुपये की सामग्री खरीदी गई थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुल 26,500 रुपये मूल्य का सामान जब्त कर लिया।

### आदतन चोर, पहले भी जा चुका है जेल

पुलिस के अनुसार रोशन भारती आदतन चोर है और पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## सुंदरगढ़ में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुंदरगढ़

जिला प्रशासन सुंदरगढ़ पुलिस एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आरटीओ सुंदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच सुरक्षित, अनुशासित और जिम्मेदार वाहन चलाने की आदत को बढ़ावा देना है। माहभर चलने वाले इस अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न जागरूकता एवं प्रवर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और आम यात्रियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा मानकों तथा सड़कों पर जिम्मेदार व्यवहार के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

प्रमुख चौराहों,ए राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिसकर्मी और परिवहन विभाग के अधिकारी नागरिकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोगए निर्धारित गति सीमा का पालन नशे में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों और पंपलेट का भी वितरण किया जा रहा है। जागरूकता के साथ.साथ सड़क सुरक्षा माह के दौरान प्रवर्तन कार्रवाई भी तेज़ कर दी गई है। यातायात पुलिस की टीमें नियमित जांच कर मोटर वाहन अधिनियम के अनुपालन को सुनिश्चित कर रही हैं, वहीं ओवरस्पीडिंग, लापरवाह ड्राइविंग, ट्रिपल राइडिंग और सुरक्षा उपकरणों के बिना वाहन चलाने जैसे उल्लंघनों पर कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और सड़क सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी बनाएं।

## रियामाल धान मंडी में कटनी-छटनी का आरोप किसानों में आक्रोश

**देवगढ़।** जिले के रियामाल ब्लॉक में धान खरीदी शुरू होते ही कटनी छटनी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। किसानों का कहना है कि सरकार बदलने के बावजूद मंडी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। पूर्व सरकार के दौरान जैसी समस्याएं थीं, वही हालात वर्तमान सरकार में भी बने हुए हैं। रियामाल ब्लॉक की ताबड़ा धान मंडी में प्रति क्विंटल साढ़े चार से पांच किलो तक कटनी छटनी किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले का खुलासा देवगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया। उन्होंने बताया कि जब इस संबंध में सेवा सहकारी समिति के सचिव से सवाल किया गयाए तो जवाब मिला कि यह सब श्जिले से मिले निर्देशोंश के तहत किया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारीए मुख्य आपूर्ति अधिकारी सीएसओ और उप.निबंधक को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के धान में कटनीद्छटनी की गई है। उन्हें या तो पूरा धान लौटाया जाए या पूरी राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराई जाए। साथ ही संबंधित सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## वर्ष 2025 में अपराध में गिरावट, जनविश्वास में इज़ाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



राउरकेला पुलिस जिले ने वर्ष 2025 के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। लक्षित निवारक रणनीतियों, तकनीक, सक्षम पुलिसिंग और जन केंद्रित कार्यशैली के चलते जिले में अपराध के ग्राफ में तेज़ गिरावट दर्ज की गई हैए जिससे आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

वार्षिक अपराध प्रदर्शन समीक्षा के अनुसार, डकैती, लूट और छिनतई जैसे प्रमुख संपत्ति अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 70 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नियमित गश्तए बीट पेट्रोलिंग की सुदृढ़ व्यवस्था और आदतन अपराधियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई इस सफलता के प्रमुख कारण रहे। अन्य संपत्ति अपराधोंए विशेषकर चोरी और मोटर वाहन चोरी के मामलों में भी 20 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2025 के अंतिम छह महीनों में ई.बीट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से निगरानी आधारित बीट पेट्रोलिंग लागू किए जाने से अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस दौरान कुल 460 संपत्ति अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। संपत्ति अपराधों की डिटेक्शन दर भी 32 प्रतिशत से बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई है। डकैती मामलों में 85 प्रतिशत और लूट के मामलों में 61 प्रतिशत डिटेक्शन दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि जांच प्रक्रिया में सुधारए कड़े पर्यवेक्षण और तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग से यह उपलब्धि संभव हुई।

### महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में 25 प्रतिशत की कमी

महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों से निपटने के लिए शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई। त्वरित प्राथमिकी, संवेदनशील जांच और समयबद्ध कार्रवाई के चलते वर्ष 2025 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 25 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### साइबर अपराध पर कड़ा प्रहार

साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में भी राउरकेला पुलिस ने उल्लेखनीय प्रगति की है। तकनीकी जांच में सुधार और व्यापक जन.जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से 65 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ हीए वर्ष 2025 में साइबर अपराध मामलों में राउरकेला पुलिस जिला ओडिशा के अग्रणी जिलों में शामिल रहा।

## मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग पर मालगाड़ी बेपटरी, बंडामुंडा के केबिन के पास दो वैगन उतरे अप-लाइन ठप



**राउरकेला।** चक्रधरपुर रेलवे मंडल अंतर्गत शनिवार सुबह बंडामुंडा सेक्शन में एक मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने से व्यस्त मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलखंड की अप लाइन पर रेल परिचालन बाधित हो गया। घटना से रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया, वहीं यात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 7:45 बजे बॉन्डामुंडा मुख्य सेक्शन के के कैबिन के पास किलोमीटर पोस्ट 408/11ई के समीप हुआ। एन.बॉक्स मालगाड़ी बॉन्डामुंडा से राउरकेला की ओर जा रही थी, तभी उसके दो वैगन अचानक पटरी से उतर गए। इसके चलते अप लाइन पूरी तरह अवरुद्ध हो गई और ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी इंजीनियरिंग विभाग तथा कैरिज एंड वैगन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। पटरी से उतरे वैगनों को हटाने और ट्रैक को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे प्रशासन ने जल्द परिचालन सामान्य करने का दावा किया है। गौरतलब है कि नए साल के 72 घंटे के भीतर यह घटना सामने आई हैए जिससे मंडल में हाल के दिनों में हुई रेल घटनाओं की कड़ी और लंबी हो गई है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ हैए जब मंडल रेल प्रबंधक ने हाल ही में हावड़ाद्मुंबई मुख्य मार्ग पर सुरक्षित और सुचारु परिचालन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई थी। सूत्रों का आरोप है कि मंडल प्रशासन घटना की गंभीरता को कम करके दिखाने का प्रयास कर रहा है। बताया गया कि दुर्घटना के करीब एक घंटे बाद तक आपातकालीन सायरन नहीं बजाया गयाए जिससे आपदा प्रबंधन और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर चक्रधरपुर रेलवे मंडल में ट्रैक रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## जगन्नाथ पुरी धाम में छत्तीसगढ़ की मानस मंडली का सम्मान



**सरिया।** सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ अंचल में लोगों को आस्था से जोड़कर रखने वाले मानस प्रेमियों का पंचायत के द्वारा सम्मान किया गया। सरिया से लगे ग्राम पंचधार के मानस प्रेमियों के द्वारा ग्राम तथा अंचल में लगातार भागवत चर्चा के साथ छत्तीसगढ़ उड़ीसा के बीच आस्था के सेतु का निर्माण करने पर पंचायत ने मानस मंडली का सम्मान किया। विदित हो कि ग्राम पंचधार के सीताराम मानस मंडली के द्वारा लगातार पंचधार में भागवत चर्चा का आयोजन करने के साथ-साथ प्रसिद्ध जगन्नाथ पुरी धाम में भागवत चर्चा में शामिल होकर छत्तीसगढ़ उड़ीसा के बीच एक आस्था का सेतु का निर्माण किया।

सीताराम मानस मंडली के अध्यक्ष नरेश पटेल ने बताया कि हमारे मंडली के संचालक नारायण प्रसाद सिदारए जोगेंद्र बारीकए कृपा राम सिदारए उपेश प्रधानए सतीश गिरी, गणेश राम सिदारए ईश्वर पटेल, बरूण प्रधान, विराट पात्रे, हेमानंद मिश्रा, के साथ उडीसा में आस्था के समागम में शामिल हुए। इस दौरान उडीसा के द्वारा श्री सीताराम मानम मंडली का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।जिसके कारण पंचधार के सरपंच पंच एवं गणमान्य लोगों ने श्री सीताराम मानस मंडली का श्रीफल एवस्त्र भेंट कर व पुष्पमाला पहनकर सम्मान किया। इस बार भी भागवत चर्चा का आयोजन सीताराम मानस मंडली के द्वारा किया गया। जिसमें अंचल के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य व भागवत आचार्य पंडित अशोक पंडा के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया गया। भागवत आचार्य अशोक पंडा मुंगलीपाली वाले महाराज ने कहा कि अर्थ ही सभी अनर्थ का मुख्य कारण है। अर्थ यानी पैसाए पैसा आने के बाद व्यक्ति मात्र उसके संरक्षण और संवर्धन में मन वचन और काया के अपार पाप कर्म को उपार्जन करता है।


## विशेष पहचान के साथ मना सुंदरगढ़ जिला स्थापना दिवस



**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिला स्थापना दिवस इस वर्ष पहली बार स्वतंत्र पहचान के साथ मनाया गया। दो दिनों तक चले 79वें जिला स्थापना दिवस समारोह का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। यह आयोजन जिलेवासियों की भावनाओं से गहराई से जुड़ा रहा, हालांकि विशेष आमंत्रण के बावजूद सांसद और विधायकों की अनुपस्थिति को लेकर विभिन्न चर्चाएं होती रहीं। उद्घाटन समारोह में ओडिशा विधानसभा के उपवाचस्पति भवानीशंकर भोई की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र ने सुंदरगढ़ नागरिक समाज की सहमति से जिला स्थापना दिवस को लोक महोत्सव ष्यात्राष से अलगए स्वतंत्र पहचान देने का निर्णय लिया था। इसके बाद आयोजन समिति और जिला प्रशासन ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। भव्य शोभायात्रा, जिला इतिहास पर केंद्रित परिचर्चाए लोकनृत्य एवं लोकसंगीत की संध्या तथा स्टार नाइट ने समारोह को यादगार बना दिया। समारोह के दौरान प्रशासनिक योगदान के लिए सुंदरगढ़ नागरिकों की ओर से जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र सहित अतिरिक्त जिलाधिकारी राजस्व अभिमन्यु माझी एवं सूरज पटनायक, उपजिलाधिकारी तेजस्विनी बेहरा, आईएएस प्रशिक्षु फाबी रसिद, आईटीडी, परियोजना प्रशासक धीरेंद्र सेठी, जिला संस्कृति अधिकारी नंदिनीगौरी मुंडारी, नगर पालिका कार्यकारी अधिकारी विकास मुंडारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्रनाथ मुर्मू तथा लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार टुडू को सम्मानित किया गया।

## मयाली में एटीवी राइडिंग, स्पीड बोटिंग, क्रिकेट के साथ इको-टूरिज्म का अनूठा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





नया साल 2026 के पावन अवसर पर जशपुर वनमण्डल द्वारा मयाली नेचर कैम्प में पर्यटकों के लिए रोमांचक एडवेंचर एवं इको-टूरिज़्म गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वन विभाग द्वारा वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल तथा प्रकृति के बीच यादगार अनुभव प्रदान करना है।

घने वनों, शांत जलाशय और हरियाली से आच्छादित मयाली नेचर कैम्प में इस नववर्ष पर साहसिक गतिविधियों की विशेष श्रृंखला तैयार की गई है। यहाँ आने वाले पर्यटक स्पीड बोटिंग, कायकिंग, एटीवी राइडिंग तथा क्रिकेट जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद उठा सकेंगे। इन सभी गतिविधियों के लिए नाममात्र शुल्क मात्र 100 रुपये प्रति गतिविधि निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।

वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल शशि कुमार ने बताया कि सभी गतिविधियां प्रशिक्षित कर्मियों की निगरानी में एवं पूर्ण सुरक्षा मानकों के साथ संचालित की जाएंगी। इससे पर्यटकों को न केवल रोमांच का अनुभव मिलेगा, बल्कि वे पूरी तरह सुरक्षित माहौल में प्रकृति के करीब समय भी बिता सकेंगे। मयाली नेचर कैम्प का यह आयोजन इको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने, स्थानीय वन समितियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा जिले के पर्यटन को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो नए साल का स्वागत प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांच और सुकून के संग करना चाहते हैं। वन विभाग जशपुर द्वारा सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील की गई है कि वे नववर्ष के अवसर पर अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मयाली नेचर कैम्प में पधारें। इन आकर्षक गतिविधियों का भरपूर आनंद लें तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## सफाई कर्मियों के समर्पण से शहर है स्वच्छ



**राउरकेला।** शहर की सड़कों को साफ और स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों की भूमिका अतुलनीय है। जब शहर गहरी नींद में होता है और लोग रजाई.कंबलों में आराम करते हैं तब ये कर्मी सुबह करीब 4 बजे घरों और दुकानों के बाहर रात में फेंके गए कचरे को इकट्ठा करने और सड़कों की सफाई में जुट जाते हैं। दिसंबर और जनवरी की कड़ाके की ठंड या मूसलाधार बारिश उनके काम को रोक नहीं पाती। इन कर्मियों की मेहनत और निष्ठा के कारण राउरकेला न केवल स्वच्छ रहता हैए बल्कि जनस्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। उनके अथक प्रयासों और निःस्वार्थ सेवा भाव को सम्मान देने के लिए राउरकेला नगर निगम के आयुक्त दीना दास्तगीर ने उन्हें शीतकाल में राहत देने हेतु कंबल वितरित किए। आयुक्त ने उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने इन स्वच्छता कर्मियों जो परदे के पीछे काम करते हैं और शहर के सच्चे नायक हैं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उनके निरंतर प्रयासों के कारण राउरकेला न केवल स्वच्छ और सुरक्षित हैए बल्कि रहने योग्य शहर भी बना हुआ है।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।



लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।



# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबट्र्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबट्र्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### कोसीर अंचल में मनाया गया छेरछेरा पर्व

**कोसीर।** छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पर्व छेरछेरा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोसीर बटाऊपाली सहित पूरे अंचल मे छेरछेरा पर्व को लेकर लोगों में सुबह से काफी उत्साहित देखा गया। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख ऐतिहासिक पारंपरिक त्यौहारों में से एक है। छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। छत्तीसगढ़ में नई फसल आने की उत्साह मे जनवरी को बड़े धूम. धाम से छेर छेरा त्यौहार हर साल मनाया जाता है। जिसे लेकर लोगो मे भारी उत्साह रहा। इस त्यौहार में बच्चे नवजवान बुजुर्ग सभी पूरे गाँव में सभी वर्गों के व्यक्तियों के यहाँ छेर-छेरा पारंपरिक गीत गाकर मांगने जाते है। छेर छेरा कोठी के धान ल हेरहेरा जिससे गांव में सभी वर्गों के बीच एकता और समानता एवं सहयोग देखने को मिलता है। जिसे अनेकता में एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। सुबह से ही बच्चे झोली लेकर लंबी कतार मे घरो घर धान मांग कर छेरछेरा पर्व की रौनक को चकाचौंध बनाते हैं। वहीं युवा वर्ग की टोली भी झांझ मांदर के साथ गीत गाकर घरों घर जाकर छेर छेरा मागें।

### गुजरात के 11 स्कूलों के साथ लामीखार स्कूल का टिवनिंग

**छाल।** गुजरात के खेड़ा जिला अंतर्गत 11 स्कूलों द्वारा रायगढ़ जिला के लामीखार प्राथमिक विद्यालय के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत ट्विनिंग कार्यक्रम किया गया। जिसमें विद्यार्थियों और अध्यापकों ने आपस में अपने सांस्कृतिक और भौगोलिक प्रश्नों की चर्चा की। यहां के छात्रों ने छत्तीसगढ़ में मनाया जाने वाला त्यौहार छेरछेरा की जानकारी दी तथा बच्चों ने छत्तीसगढ़ी भाषा में कुछ कहानियां और गीत सुनाए। साथ ही छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जैसे कि राम झरना, मेनपाट जो छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाते हैं उसके बारे में गुजरात के बच्चो को जानकारी दी तथा छत्तीसगढ़ में होने वाले फल, फूल और वन्य जीवों के बारे में भी बताया उसके बाद यहां पाठशालाओं के समय और कक्षा में पढ़ाएं जाने वाले अलग अलग विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## हेल्थ प्लस

### बालाजी मेट्रो अस्पताल में सफल अंग संरक्षण ऑंको सर्जरी



**रायगढ़।** 10 वर्षीय बालक के दाहिने पैर में पाए गए स्पिंडल सेल ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। यह ट्यूमर पिछले एक वर्ष से अधिक समय से मौजूद था और आकार में काफी बड़ा हो चुका था। ट्यूमर दाहिने पैर के घुटने के ठीक नीचे, अंदरूनी मेडियल हिस्से में स्थित था। सर्जरी का उद्देश्य घुटने के जोड़ और हड्डी को सुरक्षित रखना था। जिसके लिए हर संभव प्रयास किए गए। यह जटिल सर्जरी वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक ऑनको सर्जन एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के बाद बच्चे की स्थिति संतोषजनक रही। वह चौथे दिन से चलने लगा और उसे पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्तमान में बच्चा पूरी तरह ठीक है। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 8 महीनों से श्री बालाजी मेट्रो अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जो रायगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है।

### संदिग्ध कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश

# खरीदी के आखिरी महीने में बिचौलियों पर पैनी निगाह, बोगस खरीदी को लेकर प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धान खरीदी को लेकर शनिवार को कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में समितिवार अब तक की कुल धान खरीदी, बारदाना की उपलब्धता, पीडीएस बारदाना का उपयोग, टोकन की स्थिति, धान विक्रय कर चुके किसानों की संख्या, मिलर्स के माध्यम से धान उठाव, भौतिक सत्यापन, रकबा समर्पण तथा संदिग्ध कोचियों एवं बिचौलियों पर की जा रही कार्रवाई जैसे बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि कुछ स्थानों पर अनावरी के आधार पर धान खरीदी को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही हैए जबकि शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी पूर्णतः भौतिक सत्यापन के आधार पर की जा रही है। उन्होंने सभी एसडीएम एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र में किसानों से केवल भौतिक सत्यापन के पश्चात ही धान खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी वास्तविक किसान को अपनी उपज विक्रय करने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में उपार्जन केंद्रों में किसानों की संख्या एवं धान की आवक बढ़ेगी। ऐसे में पात्र किसानों के साथ पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए धान खरीदी की जाएए वहीं अवैध रूप से धान खपाने के प्रयासों को पूरी सख्ती से रोका जाए। संदिग्ध कोचियों एवं बिचौलियों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने 5 एकड़ वाले किसानों एवं 7 जनवरी के बाद धान विक्रय हेतु जारी टोकनों का शत.प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर सत्यापन से ही धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपार्जन केंद्रों में केवल मानक गुणवत्ता का धान ही खरीदा जाए और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों की माइक्रो.लेवल मॉनिटरिंग करनेए सत्यापित टोकन के आधार पर ही धान खरीदी करने तथा 31 जनवरी तक आने वाले धान का औसत निकालते हुए प्रतिदिन की खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में धान विक्रय न करने वाले कृषकों के रकबा समर्पण की कार्रवाई भी समयबद्ध रूप से करने को कहा गया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को पीडीएस बारदाना के अनिवार्य उपयोग के निर्देश देते हुए डीएमओ को 7 जनवरी तक सभी समितियों में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति से बचने के लिए धान की पर्याप्त और सुव्यवस्थित स्टैकिंग पहले से सुनिश्चित की जाए। धान उठाव कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने दूरस्थ उपार्जन केंद्रों एवं बफर लिमिट पार कर चुके केंद्रों से प्राथमिकता के आधार पर धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिलर्स को उनकी क्षमता के अनुरूप धान उठाने तथा अधिक उठाव के लिए आवश्यक बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही भौतिक सत्यापन एवं उपार्जन केंद्रों में कृषि विभाग के आरआईओ की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सभी अनुविभागों के एसडीएम, जिला खाद्य अधिकारी, डीएमओ, उप आयुक्त सहकारिता, नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक, राजस्व अधिकारी एवं धान खरीदी से जुड़े विभागीय अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राख के अवैध परिवहन व डंप पर नहीं लग पा रही लगाम

**सुंदरगढ़।** जिले में अवैध राख ऐश परिवहन और डंपिंग की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। जिला प्रशासन की चेतावनियों और पुलिस की छापेमारी के बावजूद इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। शुक्रवार देर रात भषमा थाना पुलिस ने किंजिरमा गांव में अवैध रूप से राख डंप करते हुए पांच भारी वाहनों को जब्त किया। ये वाहन झारसुगुड़ा की एक औद्योगिक इकाई से राख लेकर निकले थे, जिन्हें लाठीकटा क्षेत्र में डंपिंग की अनुमति दी गई थी। इसके बावजूद चालकों ने निर्धारित स्थल पर न जाकर लगभग 120 किलोमीटर दूर किंजिरमा गांव में राख फेंक दी। जानकारी के अनुसारए इस इलाके में लंबे समय से अवैध राख डंपिंग की जा रही है। वाहनों की जब्ती के बाद सुंदरगढ़ क्षेत्रीय परिवहन विभाग और राउरकेला क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिला प्रशासन ने औद्योगिक इकाइयों के साथ बैठक कर राख प्रबंधन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई और ट्रांसपोर्टरों के अनुबंध रद्द करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अस्थितापाल कौर ने स्वयं रात में छापेमारी कर कई वाहनों को पकड़ा था।

## सरसींवा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया पारंपरिक पर्व छेरछेरा



**सरसींवा।** सरसींवा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं का प्रतीक छेरछेरा पर्व हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव-गांव में उत्सव और उमंग का माहौल देखने को मिला, जहाँ बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पारंपरिक उत्साह के साथ पर्व में शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ की प्राचीन कृषि परंपरा से जुड़ा हुआ है, जो पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह पर्व दानए समर्पण और सामाजिक समानता का संदेश देता है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान कई गुना पुण्य फल देता है। इसी परंपरा के निर्वहन में बच्चों द्वारा घर.घर जाकर छेरछेरा, माई कोठी के धान हेरहेरा का लोकनाद करते हुए धान, अन्न, चावल, नगद और अन्य सामग्री एकत्र की जाती है। इस पारम्परिक पर्व के अवसर पर सरसींवा क्षेत्र में लोगों ने अपने घरों के द्वार श्रद्धा और उल्लास के साथ खोले तथा बच्चों को अन्नए गुड़ए चावल एवं नकद भेंट कर पर्व की परंपरा को जीवंत बनाए रखा। कई स्थानों पर पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत और सांस्कृतिक झलक ने पर्व की गरिमा को और बढ़ाया। छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराएं आज भी उतनी ही जीवंत और प्रासंगिक हैं, जितनी अतीत में थीं। वही एक मुस्लिम महिला शकीला बानो एवं साथ में एक 8 वर्ष की बच्ची रूसदा खान ने बच्चों को बिस्कुट के पैकेट वितरण के यह दान का पर्व खुशी से मनाया। छत्तीसगढ़ में छेर.छेरा का यह पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिकता, सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक है जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है।

## बच्चों और युवाओं की टोली की छेरछेरा की आवाज से गूंजा क्षेत्र

**बरमकेला।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक छेरछेरा पर्व इस वर्ष बरमकेला में पूरे उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग हर वर्ग के लोग इस पारंपरिक पर्व में उत्साहपूर्वक शामिल होते नजर आए। सुबह होते ही बच्चों की टोलियां हाथों में झोले और थैले लिए घर.घर छेरछेरा मांगने निकल पड़ीं। हर गली और हर मोहल्ले में पारंपरिक नारे छेरछेरा माई, कोठी के धान हेर हेरा गूंजते रहे। लोग पूरे आत्मीयता के साथ बच्चों को धान, चावल, पैसे और अन्य सामग्री देते दिखे। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर दिखती खुशी और ऊर्जा ने पर्व की रौनक को और बढ़ा दिया। पर्व के दौरान कई स्थानों पर लोगों के समूह पारंपरिक गीत गाते हुए और नृत्य करते हुए नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण करते नजर आए। ढोल.मंजीरे और लोकगीतों के साथ छेरछेरा की यह परंपरा बरमकेला की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत करती दिखाई दी। आपसी भाईचारे मेल-मिलाप और सामाजिक समरसता का सुंदर दृश्य पूरे नगर में देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अक्सर यह चिंता व्यक्त की जाती है कि आधुनिकता के दौर में लोक पर्व और परंपराएं धीरे.धीरे अपनी पहचान खो रही हैंए लेकिन इस बार का छेरछेरा पर्व इस सोच को गलत साबित करता नजर आया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार लोगों की भागीदारी कहीं अधिक रही। खासकर छोटे बच्चों की सक्रिय सहभागिता और उत्साह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## छाल थाना क्षेत्र में लाखों की चोरी, अंधेरा होते ही पुलिस हो जाती है निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



छाल थाना क्षेत्र के बीते शुक्रवार की रात कुड़ेकेला गांव के हृदयस्थल बस स्टैंड के पास मुख्यमार्ग किनारे रामकृपाल साव के घर में घरवालों के मौजूदगी में दी गई चोरों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम। घर के सदस्य टीवी देख रहे थे वही एक सदस्य विनीत साव जरूरी काम से रात 10 बजे घर से बाहर गया। देर में आने के वजह से घर के बाहर ताला लगाकर चला गया।

रात करीब 12.40 बजे गांव के बीच बस्ती से होकर एक सफेद रंग की ब्रेजा कार में करीब 5 लोग सवार होकर आए और रामकृपाल साव के घर का बाहर से लगे ताला को तोड़कर घर अंदर घुस गए। वहीं बगल के दरवाजे को कुंडी लगा दिया। घर अंदर घुसते ही सामने रुम में जिसमें विनीत साव मोबाइल दुकान संचालित करता है साथ ही रात में सोता है उसके काउंट से विनीत साव के बताए अनुसार करीब 2.5 लाख रुपए नगद और 12 लाख रुपए से अधिक के जेवरात चोर ले गए। 8 महीने पहले विनीत की शादी हुए थीं वही उसकी पत्नी विदेश में नौकरी करती है। तो वह बाहर रहती है जिससे विनीत अपना सारा कीमती सामान दुकान में ही रखता था। सदस्यों के बताए अनुसार चोर घर के बाहर लगे ताला को तोड़कर घर में घुस थे। घर में टेलीविजन चालू था और सब जगे हुए थे। फिर भी चोर घर अंदर आए। उनको भनक तक नहीं लगी। जैसे ही घर में टीवी देख रहे लोगों को घर का मुख्य दरवाजा से हवा आने लगी तो बाहर जाकर देखा तो घर में समान बिखरा था जिससे उन्हें चोरी की आशंका हुई तत्काल घर के बाकी सदस्यों और पड़ोसियों को सूचना देते हुए डायल 112 को फोन किया गया। छाल थाना का डायल 112 वाहन ब्रेकडाउन होने की वजह से कोई सहायता नहीं मिली वही बाद में छाल थाना को भी परिवार के सदस्यों द्वारा पूरी घटना की जानकारी दी गई। फिरहाल सुबह से छाल पुलिस घटना स्थल में पहुंचकर जांच कर रहींए ब्ब्ट फुटेज खंगाल रही अब देखना है कि बाहर से आकर मुख्यमार्ग किनारे इतनी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को पकड़ने के सफलता मिलती है कि नहीं अंधेरे होते ही क्षेत्र में चार चक्का वाहन से घूम घूम कर अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के हौसले बुलंद है, जिसका मुख्य कारण जिले में डॉयल 112 वाहन की सर्विस ज्यादातर ठप पड़ चुकी है वही पुलिस गस्ती भी रात में ना के बराबर हो रही।

## बाइक में कर रहा था गांजा परिवहन पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

**सरिया।** सरिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक डार्क नीले रंग के मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 बीबी 6574 में गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इस वाहन के चालक उड़ीसा से गांजा लेकर चंद्रपुर जा रहा था।

इस दौरान ग्राम साल्हेओना डीपापारा, ईंटभट्ठा पास घेराबंदी कर मोटर सायकल को रोककर सामने डिक्की मे रखे कपड़ा के थैला की तलाशी लेने पर 04 किलो 170 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। चालक से पूछताछ करने पर जिला बरगढ़ उड़ीसा से गांजा लेकर चंद्रपुर ले जाना बताया। जिस पर आरोपी मोटर सायकल चालक अक्तिलाल सेठ पिता चतुरलाल उम्र 42 वर्ष निवासी झिकझिकी जयपुर, थाना भठली, जिला बरगढ़ ओडिसा के कब्जे से 04 किलो 170 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 40 हजार रुपए एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 बीबी 6574 कीमती 80 हजार रुपए जुमला कीमती 1 लाख 20 हजार रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना सरिया में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



## सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त करने की मांग, नहीं तो होगा आंदोलन

**सरिया।** ग्राम पंचायत पिकरीमाल के आश्रित ग्राम मानिकपुर छोटे, विकासखंड बरमकेला तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में शासकीय सामुदायिक भवन को एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लेने से गांव में तीव्र आकाश व्याप्त है। इसके लिए गांव के लोगों नें जनपद सीईओ को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।



सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों में उल्लेख किया है कि हमारे ग्राम मानिकपुर छोटे में सार्वजनिक उपयोग के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। उक्त निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी यहां के कुछ लोगों के द्वारा अपने जाति विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कब्जा किया गया है। जिसके कारण ग्राम के अन्य समाज के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। सार्वजनिक उपयोग हेतु बना सामुदायिक भवन आज एक जाति विशेष के द्वारा कब्जा कर तालाबंदी किया गया है। जिसके कारण उक्त भवन का सार्वजनिक एवं जनहित में कार्य नहीं हो रहा है। जिसके कारण आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन प्रशासन इसमें उदासीन बरत रहा है। ऐसी स्थिति रही तो गांव में अशांति का माहौल बना रहेगा और कभी भी कोई अपनी अप्रिय घटना हो सकता है। ग्रामीण मांग किया है कि उक्त सामुदायिक भवन का जनहित में उपयोग के लिए ग्राम पंचायत भवन सौपा जाय। ताकि कभी भी कोई गांव में सार्वजनिक हित के काम हो तो उसका उपयोग किया जा सके और शासन की मनसा भी पूर्ण होगा। इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आक्रोशित ग्रामीण आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान


डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

### पूजा अर्चना के साथ कार्यकम की शुरुआत

# सरसीवा में गूंजा बाबा गुरु घासीदास का जयकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



1 जनवरी को नगर पंचायत सरसीवा में भव्य जयंती का आयोजन किया गया था। कार्यकम की शुरुआत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना के बाद सतनाम सत्संग भवन से सतनाम समाज के स्थानीय गुरु महाबली टंडन रथ पर सवार हो कर इंदिरा नगर से सारंगढ़ मेन रोड में निकला। आगे आगे बाबा जी के संदेश यात्रा में मानव मानव एक समान का नारा लगाते हुये और उनके उपदेश को पंथी गीतों के माध्यम से सरसीवा परिक्षेत्र के ग्रामीण युवक बहने सैकड़ों की संख्या में पंथी नाच करते हुआ मैंन रोड पर निकले। वही पेंड्रावान चौक से होते हुए नगर के मुख्य मार्ग सरायपाली चौक से हो कर नया नगर पंचायत भवन होते हुए सरसीवा की अंतिम छोर जोड़ा पीपल तक शोभा यात्रा पहुंचा कर वापस बस्ती के मार्ग से महामाया मंदिर होकर बाजार चौक से पेंड्रावन रोड होते हुए पुनः वापस सतनाम भवन पहुंचे। जहां भंडारा का आयोजन रात 7 बजे से 9 बजे तक किया गया। उसके बाद रात्री में मुख्य अतिथि का स्वागत एवं मंच पर बाबा जी के उपदेश पर प्रकाश डाले और उनकी बताए मार्ग पर चलने क संदेश देते हुए उनके जीवन शैली पर प्रकाश डाले तत्पश्चात 11 बजे रात्री कोरबा से आए कलाकार अपने गीत संगीत से माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाबा जी के उपदेश को बताते हुए समझाया गया। जानकारी हो कि यहां 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के दिन से ही यहां सतनाम भवन में पूजा पाठ के साथ रामायण पाठ 31 दिसंबर तक चलता है । वही प्रति वर्ष एक जनवरी को सरसीवा क्षेत्र के लोग गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर सतनाम भवन से सफेद झंडा लिए बाबा गुरु घासीदास के यात्रा निकाला कर संदेश देते आ रहे हैं। घासी दास जी के संदेश यात्रा में काग्रेस भाजपा बसपा के साथ साथ सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ परिक्षेत्र के डाक्टर वकील सभी लोग ने यात्रा में हिस्सा लिया।


स्वामी जी-93406-38884
स्पेशन ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411